
तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 मेटाबोडेली सड़क निर्माण नहीं करने पर परिवहन ...

14 लाइवलीहुड कॉलेज के रोजगार मेले में बड़ी ...


## खबर संक्षेप

### व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र व ट्राइसायकिल वितरित



**कांकेर।** समाज कल्याण परिसर में विभाग द्वारा 06 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत सरोना के संजय कुमार को ट्राईसायकिल, मुसुरपुट्टा के भंवरलाल निषाद को व्हील चेयर, किरगोली के लालतूराम कुलदीप को श्रवण यंत्र, उदयनगर कांकेर निवासी अशोक पांडे को श्रवण यंत्र, कोयलीबेड़ा के ग्राम कोतुल के गोकुल राम यादव को श्रवण यंत्र तथा ग्राम मरकाटोला के संतोष हिरवानी को बैटरीचलित ट्राईसायकिल प्रदाय किया गया।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लिए टीम रवाना



**कांकेर।** एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत राज्य के अंदर एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण के लिए 100 कृषकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कृषकों को चिखलकसा के प्रगतिशील कृषक राजेंद्र राठी के फार्म हाउस का भ्रमण कराया गया, जिसमें उनके द्वारा की जा रही उद्यानिकी फसल जैसे आम, संतरा, नींबू, माल्टा, चकोतरा, बेर तथा सब्जी वर्गीय, लौकी, खीरा, टमाटर, भिंडी पेक हाउस एवं ड्रीप सिस्टम में की जा रही खेती का भ्रमण कराया गया एवं खेती संबंधित अनुभव को कृषकों से साझा किया गया। इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा विकासखण्ड समन्वयक एवं कृषकगण सम्मिलित थे।

### सामाजिक अंकेक्षण में बच्चों उत्कृष्ट कार्य की दी प्रेरणा



**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री सेजेस विद्यालय भानुप्रतापपुर में सामाजिक अंकेक्षण किया गया I कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में नोडल अधिकारी के नेतृत्व में विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों का अवलोकन किया गया। अंकेक्षण टीम ने विद्यालय में स्थित कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स रूम, बायो, फिजिक्स और केमिस्ट्री लैब का निरीक्षण किया। उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कहा। इस अवसर पर लता सोनी के द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज आयोजित किया गया I

### सर्वजनिक शराबखोरी करते पकड़ाया युवक

**कांकेर।** कच्चे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी हाटकोंदल निवासी 30 वर्षीय विशेष नरेटी को सार्वजनिक स्थान पर 9 अक्टूबर को शाम साढ़े हाटकोंदल से पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महिला के कब्जे से कच्ची शराब जब्त

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम हाटकोंदल निवासी सगुन नरेटी के कब्जे से पुलिस ने 400 एमएल देशी महुआ शराब को जप्त किया। आरोपी महिला 9 अक्टूबर की शाम साढ़े 6 बजें अन्य लोगो को शराब पिलाने के लिए अपने पास महुआ शराब रखी हुई थी। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## हादसा : चालक बस को नहीं मोड़ता तो बच्ची के साथ अनहोनी होने की थी आशंका

# बच्ची को बचाते बेकाबू स्कूल बस बाउंड्री वाल से टकराई, चार को आई मामूली चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बस की अनियंत्रित चालक की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग

शहर से लगे ग्राम गोविंदपुर में सेंट माईकल स्कूल की बच्ची को बचाने के चक्कर में भानुप्रतापपुर से कांकेर आ रही बस अनियंत्रित होकर स्कूल की बाउण्ड्री वॉल से टकराई, जिसमें बस में सवार चार यात्रियों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने बस चालक से वाहन के समस्त दस्तावेज मंगाकर जाँच करते हुए कार्यवाही किया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार 10 अक्टूबर की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे के आसपास बस क्रमांक सीजी 08 एएम 5622 भानुप्रतापपुर से कांकेर की ओर जा रही थी। बस जब गोविंदपुर में स्थित सेंट माईकल स्कूल के पास पहुँची, तभी अचानक स्कूल की बच्ची बस के सामने आ गई। बस चालक ने स्कूल की बच्ची को बचाया, परंतु बस अनियंत्रित होकर स्कूल के गेट की बाउण्ड्री वॉल से टकराई, जिससे बाउण्ड्री वॉल टूट गई। सवारी बस में सामने बैठे 04 यात्रियों को मामूली चोट आई, जिनका जिला अस्पताल में जाँच करके प्राथमिक इलाज किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बस चालक बस को पूरी तरह से नही मोड़ता तो बच्ची के साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। बच्ची कैसे अचानक सड़क पर पहुँची, यह किसी को जानकारी नहीं है। स्कूट के गेट पर खड़ा गार्ड भी कुछ ज्यादा जानकारी नहीं दे पाया। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन और यातायात पुलिस भी पहुँच गई। यातायात पुलिस बस को यातायात थाना लेकर गई और समस्त दस्तावेजों की जाँच किया। चालक की लापरवाही पर चालक के खिलाफ कार्यवाही भी किया गया।



### मुख्य सड़क से स्कूल पहुंच मार्ग को जोड़ा

जानकारों का कहना है कि शहर की मुख्य सड़क जिस पर बसों और अन्य वाहनों का आवागमन बहुत तेजी से होता है, उससे स्कूल के अंदर जाने वाली सीसी सड़क को जोड़ दिया गया है, जिससे सदैव हादसे की संभावना बनी रहती है। यह सड़क कभी भी हादसे का कारण बन सकती है। स्कूल प्रबंधन को शहर के मुख्य मार्ग के पाथवे पर जो सीसी सड़क बनाया है, वो पूरी तरह से गड़बड़ है।

### बस आ रही थी तेजी से

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की स्पीड बहुत अधिक थी। बस चालक को पता है कि आगे स्कूल है, उसके बाद भी बहुत तेज गति से आ रही थी। बस की गति तेज होने से बस अनियंत्रित हुई और हादसा हो गया। बस के पलटने की संभावना भी बन गई थी। बस पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बस चालक को स्कूल, बैंक व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गति को कम करना चाहिए, परंतु ऐसा नहीं करते है। बस चालकों को समझाईश देने की जरूरत है। बस चालक की भी लापरवाही पूरी तरह से नजर आई।

### एक्सीडेंट रोकने पहल की जाएगी

यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि घटनास्थल का मुयाना किया जाएगा और उसके बाद एक्सीडेंटल स्थल गड़बड़ है तो स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। स्कूल के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे जोड़ना पूरी तरह से गलत है। प्रबंधन को तकनीकि अधिकारी से मार्गदर्शन लेकर सड़क बनवाना चाहिए।

## युवती पर खंडा से हमला करने वाला प्रेमी रिमांड पर गया जेल

**पखांजुर।** युवती के द्वारा शादी करने से मना करने पर प्रेमी ने युवती के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस ने प्रेमी को धरदबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।




जानकारी के अनुसार बांदे थाना क्षेत्रांतर्गत पीव्ही 84 शंकरनगर में बीते बुधवार की देर रात आरोपी पीव्ही 79 निवासी सुकेन मिस्त्री युवती से एकतरफा प्रेम करता था और युवती ने जब विवाह करने से इंकार कर दिया, तब एकतरफ प्रेम करने वाले प्रेमी ने युवती के घर में घुसकर उसे खंडा (धारदार हथियार) से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता के सिर के पीछे गंभीर चोट आई है, और उसका इलाज बांदे अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता के पिता निर्मल रपतान ने आरोपी के खिलाफ बांदे थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी 7 अक्टूबर की रात्रि करीब एक बजे हुई। वे और उनकी पत्नी घर के बरामदे में सो रहे थे, जबकि उनकी बेटी कमरे के अंदर थी। रात के अंधेरे में सुकेन मिस्त्री मोटर सायकल से उनके घर आया और घर के सामने मोटर सायकल खड़ी कर अंदर घुस आया। उसने घर के सदस्यों के सामने गाली देते हुए बेटी के बारे में पूछा और उसने बेटी से कहा कि तुम मेरे से शादी नहीं करेगी तो मैं तुम्हे किसी के साथ शादी नहीं करने दूंगा। ऐसा बोलते हुए मेरी बेटी पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। पुलिस ने आरोपी सुकेन मिस्त्री का कृत्य अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 331(2) (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## धर्मांतरण का चारभाठा में जोरदार विरोध पास्टर-पादरियों के प्रवेश पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम चारभाठा के ग्रामीणों ने धर्मान्तरण के बढ़ते मामलों का विरोध करते हुए गांव में ईसाई धर्म प्रचारकों पास्टर, पादरी और धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने गांव के प्रवेश द्वार पर बड़ा बोर्ड लगाकर साफ संदेश दिया है कि अब किसी भी प्रकार के धर्मांतरण या धार्मिक आयोजन के उद्देश्य से गांव में प्रवेश वर्जित है।

चारभाठा के अलावा कांकेर जिला में अभी तक एक दर्जन से ज्यादा गांव में बोर्ड लगाकर ऐलान कर दिया है कि अब धर्मांतरण करने वाले गांव में नहीं घुस सकते है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पिछले



कुछ समय से आठ परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है। इससे गांव की सामाजिक संरचना और पारंपरिक जीवनशैली पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका विरोध किसी धर्म विशेष से नहीं है, बल्कि वे प्रलोभन देकर कराए जा

- सामाजिक संरचना और पारंपरिक जीवनशैली हो रहा प्रभावित

रहे मतांतरण के खिलाफ हैं। गांव की ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब पास्टर, पादरी या धर्म परिवर्तन से जुड़े कोई भी व्यक्ति गांव में प्रवेश नहीं करेंगे। इसी निर्णय के तहत प्रवेश द्वार पर लगाए गए बोर्ड में स्पष्ट लिखा गया है कि पेशा अधिनियम ▶▶| शेष पेज 12 पर


## मावलीपारा, छापरपारा, मुसुरपुट्टा व बासनवाही में लगातार बारिश से धान की फसल हुई तबाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

- फसल में माहू रोग ने बढ़ाई चिंता, किसान परेशान
- फसल जमीन पर पसरी, कीटनाशकों का छिड़काव संभव नहीं

विकासखंड नरहरपुर के बासनवाही, मुसुरपुट्टा, छापरपारा, मावलीपारा में विगत दिनों हुई भारी बारिस के चलते किसानों की धान की फसल गिरकर किट ब्याधि के प्रकोप से ग्रसित हो गई है, जिससे कि सा न चिंतित और परेशान हो गए है। किसानों को इसका कोई हल नहीं निकल रहा है।

ग्राम पंचायत मावलीपारा के सरपंच और प्रगतिशील कृषक सियाराम कोसमा इन दिनों गहरी



चिंता में हैं। उन्होंने इस वर्ष आधुनिक कृषि तकनीकों और जैविक खादों के उपयोग से बेहतर उत्पादन की उम्मीद के साथ करीब साढ़े चार एकड़ क्षेत्र में धान की फसल बोई थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। लगातार बारिश के चलते लगभग दो एकड़ धान की फसल खेत में गिर



गई है। गिरी हुई फसल में अब माहू कीट, झुलसा रोग और तना छेदक जैसे खतरनाक कीट रोगों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। स्थिति यह है कि फसल जमीन पर पसर जाने से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर पाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होने बताया कि कि मैंने इस साल उच्च गुणवत्ता वाले बीज और जैविक खादों के माध्यम से अच्छी पैदावार की योजना बनाई थी, लेकिन भारी बारिश के कारण दो एकड़ की फसल पूरी तरह से गिर गई है। अब उसमें माहू कीट लग चुका है, पत्तियां काली हो रही हैं और दाने सूखने लगे हैं। उन्होने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम मावलीपारा और आसपास के क्षेत्रों में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा फसलों का निरीक्षण कर शीघ्र मुआवजा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## तीन लोगों ने दो ग्रामीणों के साथ की मारपीट

**कांकेर।** नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे दबेना निवासी 45 वर्षीय कमलेश मंडावी पिता बिरझु ने पुलिस को बताया कि 9 अक्टूबर को 11 बजे मै एवं मेरा साथी दबेना निवासी 50 वर्षीरू सदाशिव यादव पिता चमरा यादव के साथ चनागांव से वापस अपने गांव देवी कार्य करने के बाद दबेना जा रहे थे। सुरही में तालाब के आगे कमलेश यादव पिता मोहन, राहुल निषाद पिता उत्तम और गजु पिता राजेश तीन चनागांव थाना केरेगांव निासी रोड के बीच में सोये हुए थे। मै हार्न मारा लेकिन तीनों टस के मस नही हुए। मै उन्हे रास्ते से हटने के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## देवरी बालाजी में विधायक के प्रयास से नवीन धान उपार्जन केंद्र स्वीकृत

**कांकेर।** सरोना तहसील के अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बुदेली के अधीन ग्राम देवरी बालाजी में नवीन धान उपार्जन केंद्र स्वीकृत होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और किसानों में खुशी देखने को मिली। लंबे समय से किसानों द्वारा उठाई जा रही मांग को विधायक



आशाराम नेताम के प्रया से संभव हो सका, इसीलिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नए केंद्र के स्वीकृत होने से अब देवरी बालाजी, मनिकपुर, झलियामारी जैसे आसपास के गांवों के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूरस्थ केंद्रों तक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सेटली वनभूमि के निर्माण पर रोक नहीं लगाने से ग्राम में तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

- पट्टा निरस्त करने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम सटेली में वन भूमि पर निर्माण कार्य को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। एसडइएम को ज्ञापन देने के बाद भी काम नहीं रूकने पर ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है और कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि 8 अक्टूबर को ग्राम सटेली के समस्त ग्रामवासियों ने भानुप्रतापपुर पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें वन भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग की गई थी। एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए स्थगन आदेश तहसीलदार को जारी किया था, लेकिन अभी तक तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी नहीं किया गया है। इससे बिना डर के निर्माण कार्य जारी रखा है। ग्रामवासियों ने 28 अगस्त 2025 को पट्टा निरस्त करने के संबंध में एसडीएम को आवेदन किया था। एसडीएम ने समुचित कार्रवाई कर जांच प्रतिवेदन स्पष्ट मत सहित अधिकार अभिलेख के साथ तहसीलदार को 10 दिवस के भीतर



एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन 25 दिन बीत जाने के बावजूद जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे ग्रामवासियों को तहसीलदार के ऊपर संदेह हो रहा है। ग्रामवासियों का आरोप है कि सावित्री भुआर्य ने अवैध वन भूमि पट्टा बनाकर अवैध निर्माण किया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। एसडीएम के स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने से ग्रामवासियों में आक्रोश है। ग्रामवासियों ने चेतावनी दिया है कि पट्टा निरस्त और निर्माण कार्य पर प्रशासन के द्वारा रोक नहीं लगाई गईं, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर पीलम नरेटी, बलराम टेपरिया, कृष्णा पटेल, आनंन्द राना, अजय राना, पुनीत, निर्मला चौरके, उतरा पटेल, ईश्वरी राना एवं समस्त ग्रामवासी आक्रोशित है।

### मीडिया से संवाद करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा

# आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प सिर्फ संकल्प नहीं, देशभक्ति की अभिव्यक्ति भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- वैश्विक महामारी कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी दिया आत्मनिर्भर भारत का मंत्र

भारत देश आत्मनिर्भर की ओर तेजी से अग्रसर है। नागरिकों को राहत, व्यापार सुगमता, कर सरलीकरण का अंतिम ध्येय भारत को विकसित बना देश के 150 करोड़ नागरिकों का जीवन आसान बना कर, उनके जीवन को संवारने का ध्येय लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण



देव भाजपा कार्यालय कमल सदन में 10 अक्टूबर को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर पीएम मोदी ने विकसित भारत की राह को प्रशस्त किया है। उन्होने कहा कि हम सबको याद है कि प्रधानमंत्री ने कोरोना की वैश्विक महामारी के समय सबसे पहले आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया था। उस समय की भयानक आपदा को भी ऐसा अवसर बना देना, किसी चमत्कारिक नेतृत्व के वश की ही बात है। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिर्फ एक संकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति की अभिव्यक्ति भी है। पीएम मोदी के इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी जयंती से प्रारम्भ हुआ है और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती तक चलेगा।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा जैसी कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इस अभियान का उद्देश्य वोकल फॉर लोकल के संदेश को हर भारतीय तक पहुँचाना है। पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वदेशी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पुलिया के ऊपर पानी... जाते मानसून की धमक



**कोण्डागांव।** हड़ीगांव बडगांव के बीच बल्हारी नाला में पुलिया उपर बाढ़ आने से आवागमन आवा जाही बंद हो गया है। जिसे सैकड़ों गांव के लोगों के लिए रात बंद हो चुका है।

### टीबी के मरीजों को पोषण आहार का किट किया भेंट

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार से रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। शुक्रवार को रजत उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में किया गया । जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के चतुर्वेदी निर्देशानुसार खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें पहले दिन का कार्यक्रम अनुसार विकासखंड फरसगांव के सभी टीबी के मरीजों का उचित देखभाल के लिए निक्षय मित्र का पंजीयन किया गया। उन निक्षय मित्रों के द्वारा सभी टीबी के मरीजों को पोषण आहार का किट भेंट किया गया । साथ ही टीबी बीमारी की उपचार एवं बचाव की जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में बीपीएम चेतन चौहान, बीईटीओ एन एल नेताम, एम आर बघेल समस्त सुपरवाइजर मनोज नेताम , विजय सोरी, बलराम नेताम, शंकर सरकार, सुभाष कोर्राम, एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के माधवपारा माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना था। शिक्षा समिति सभापति दिनेश कुमार कौशल ने अपने संबोधन में बच्चों को स्कूल के अनुशासन में रहने और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति समर्पण का भाव जगाते हुए जन भागीदारी की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति सदस्य पवन कर्मा, एसएमसी अध्यक्ष कृष्ण नाग, प्रधान अध्यापक बसंत पाल और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल के विकास के लिए अपने सुझाव और विचार साझा किए।

### सीपीआर जागरूकता सप्ताह 13 से 17 अक्टूबर तक

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सीपीआर जागरूकता सप्ताह 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक देशभर में मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों को आपात स्थिति में जीवन बचाने वाले सीपीआर तकनीक की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शपथ-पत्र

मुकेश राठी उम्र 45 वर्ष पिता स्व.कुंजी लाल राठी माहेश्वरी ग्राम एवं तहसील भानुप्रतापपुर जिला कांकेर (छ.ग.)

शपथकर्ता निम्न लिखित शपथ पूर्वक ब्यान पेश करता है कि-

1. यह कि शपथकर्ता का नाम तथा पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि शपथकर्ता का पुत्र तनिष्क राठी का नाम आधार कार्ड में दर्ज है जो गलत है
3. यह कि शपथकर्ता का पुत्र का सही नाम कक्षा 8वीं मे तनीष राठी लिखा गया है जो सही है। एवं कक्षा 1ली से कक्षा 7वीं तक की अंकसूची में तनिष्क राठी लिखा गया है जो गलत है।
4. यह कि शपथकर्ता अब पुत्र का सही नाम तनीष राठी पिता मुकेश राठी के नाम से लिखा व पढ़ा जाय जो शपथ पत्र पेश है।
5. यह कि मेरी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है।

सत्यापन

मैं शपथकर्ता मुकेश राठी द्वारा इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 05 तक बातें लिखी गई है वह मेरी जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
मुकेश राठी

# राज्यपाल से विद्यार्थियों ने की मुलाकात, काष्ठ कला से निर्मित पोर्ट्रेट भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मड़ानार कोण्डागांव के शिक्षकों शिव साहू, हीना साहू एवं विद्यार्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल को काष्ठ कला से निर्मित पोर्ट्रेट भेंट किया। राज्यपाल ने बच्चों की इस अनूठी प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मदद करती हैं। राज्यपाल से मुलाकात और अपनी कला को सराहना मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे पर गजब का उत्साह देखने को मिला।

**खास बातें**

- शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ानार के शिक्षक व विद्यार्थियों ने की मुलाकात
- विद्यार्थियों की रचनात्मक गतिविधियाँ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहायक : डेका



### प्रशिक्षण संचालन के लिए 50 हजार की अनुदान राशि की घोषणा

राज्यपाल श्री डेका ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय में प्रशिक्षण के सुचारू संचालन के लिए 50 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान करने की घोषणा की। विद्यालय के शिक्षक शिव साहू इस अवसर पर विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे, जिन्होंने बच्चों को काष्ठ कला में प्रशिक्षित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने में अहम योगदान दिया। प्रधानपाठिका श्रीमती हिना साहू भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने राज्यपाल को विद्यार्थियों की उपलब्धियों से अवगत कराया।

### हाईस्कूल ठेमगाँव में माकड़ी पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

# छात्र- छात्राओं को सायबर अपराध, महिला सुरक्षा यातायात नियम और नशामुक्ति पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

माकड़ी पुलिस ने ठेमगाँव हाईस्कूल में सायबर जागरुकता अभियान का आयोजन किया। विद्यार्थियों को सायबर अपराध, महिला अपराध, नशामुक्ति और यातायात नियमों को बताकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।



कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक राकेश जुर्री एवं महिला प्रधान आरक्षक विमला माला ने विद्यार्थियों को बढ़ते सायबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, ओटीपी शेयरिंग जैसे खतरों से बचने के उपाय विस्तार से बताए। सत्र में महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति भी छात्राओं- छात्र को जागरूक किया गया। गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों को किन परिस्थितियों में सतर्क रहना चाहिए और कैसे तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की मुख्य बातें भी समझाई गईं।

### नशामुक्ति और विधिक संबंधी दी जानकारी

कार्यक्रम में नशामुक्ति पर विशेष ध्यान देते हुए नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोंडागांव के अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के विकल्पों से अवगत कराया। अभियान में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ और शिक्षकगण शामिल हुए। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# विद्युत उपकरण मरम्मत प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाण पत्र बांटे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

सीमा सुरक्षा बल की 86वीं वाहिनी सामरिक मुख्यालय दंडकवन कांकेर के तत्वाधान में संचालित विधुत उपकरण मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सामरिक मुख्यालय के प्रशिक्षण परिसर में किया गया, जिसमें कुल 15 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण 8 सितंबर से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर 2025 तक चला। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंखा, एयर कंडीशनर, कपड़े धोने की मशीन, इस्त्री आदि घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव की तकनीकें सिखाई गईं। प्रतिभागियों में मुख्यतः भैंसगांव, पोटेबेरा, कुम्हरी, अटुबेंड़ा, स्कूलपारा, भरण्डा, मुरपाल और फूलपर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आए युवक-युवतियाँ शामिल थे। उन्होंने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया। 86वीं वाहिनी समादेष्टा अनिल सिंह रावत ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी कौशल सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह



आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और शांति की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए और दोनों प्रशिक्षकों का विशेष आभार व्यक्त किया। समापन के बाद सभी अतिथियों, अधिकारियों और प्रशिक्षुओं ने सामूहिक समूह फोटोग्राफ खिंचवाकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। सीमा सुरक्षा बल की 86वीं वाहिनी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख दिशा में प्रेरित करने का एक सराहनीय प्रयास है। यह पहल सरकार के नक्सल मुक्त और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है। समापन समारोह में उसरपंच बसंती उसेंडी, उपसरपंच शशिकला कुमेटी, आकाश जैन, नारायणपुर के डायरेक्टर संजीव कुमार मिश्रा और उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षिका घायल चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 चारामा के कोरर चौक पर टियूशन देकर कर अपने घर की लौट रही शिक्षिका को लापरवाह वाहन चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक इलाज के बाद घायल को हायर सेंटर रिफर किया गया। इलाज के बाद घटना की शिकायत चारामा थाना में किया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया। अकलाडोंगरी निवासी मंदाकनी शोरी पिता राजकुमार शोरी ने पुलिस को बताया कि प्राईवेट स्कूल चारामा में शिक्षिक के पद पर पदस्थ हूं और 18 सितंबर को भाठापारा चारामा से टियूशन देकर कर अपने घर शाम करीबन 6 बजें पैदल आ रही थी। कोरर चौक के पास पहूंची थी कि उसी समय मेरे पीछे से एक मोटर सायकल सवार किलेपार निवासी रामचरण दुग्गा पिता तुलाराम दुग्गा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर




मुझे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं रोड में गिर गई। मोटर सायकल का नंबर नहीं देख पाई। एक्सीडेंट से मुझे सिर, पैर में चोट आया। चोट की वजह से मैं बेहोश हो गई थी। मुझे किसी ने चारामा अस्पताल भर्ती कर मेरे पिता राजकुमार शोरी को जानकारी दिया। उसके बाद मुझे बेहतर इलाज के लिए उसी दिन धमतरी के नीजी अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज जारी रहने के कारण मुझे घटना की शिकायत करने में देरी हुई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक रामचराण दुग्गा के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### हीरामांदला में खुलेगी नवीन उचित मूल्य की दुकान

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर के आश्रित ग्राम हीरामांदला में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। यह अनुमति छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कण्डिका 9 के प्रावधानों के तहत दी गई है। इस पहल से हीरामांदला सहित आसपास के ग्रामीणों को राशन सामग्री की उपलब्धता में आसानी होगी और उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इन संस्थाओं को मिलेगा संचालन का अवसर : उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए निम्नलिखित संस्थाएँ आवेदन कर सकती हैं।

# सूने घर से नकद 90 हजार की चोरी अज्ञात चोर की तालाश में पुलिस जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 124 के सुने घर से अज्ञात ने नगद 90 हजार रूपएं की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के दोरान घर के लिए अपने निजी काम से बाहर गए हुए थे।

परतापुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 124 अविनाशनगर निवासी 22 वर्षीय अमरेश सरदार पिता कालीपद सरदार ने पुलिस को बताया कि हम तीन भाई होते है। बड़ा भाई कमलेश सरदार कृषि, मछली बीज उत्पादन, हारवेस्टर चलवाते है, मैं और मंझला भाई समरेश सरदार उसमें सहयोग करते है। मछली बीच बिक्री किए थे जिसका 8 अक्टूबर को नगद 90 हजार रूपएं मिला थ। जिसे कमलेश सरदार रखने के लिए मां को दिया। जिसके बाद भईया कमलेश सरदार, समरेश सरदार लीज के तालाब में मछली दाना डालने के लिए दोपहर 2 बजे पखांजुर चले गए। घर पर मैं मां, पिता और दादी थे। भाई कमलेश सरदार फोन करके मंझला भाई समरेश सरदार को पखांजुर लेने जाने बताने पर शाम 6 बजे पखांजुर जाने के लिए घर से निकल गया। घर पर मां, पिता और दादी थी। वापस अपने भाई समरेश सरदार के साथ शाम साढ़े 7 बजें घर वापस आकर देखा तो मां, पिता और दादी नही थी। घर का ग्रील गेट का लॉक पट्टी टूटा था। ताला दूसरे पट्टी में लगा था। घर अंदर जाकर देखा तो मां का पैसा रखने वाला टीना पेटी नही था। बाहर जाकर देखा तो पेटी खुला हुआ गाय कोठा के पास पड़ा था। सामान बिखरा पड़ा था। पेटी में रखा रकम 90 हजार रूपएं नही था। कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। पिता कालीपद सरदार को फोन लगाकर पूछा कि आप लोग कहा गए हो तो उन्होने बताया कि तुम्हारी दादी को पड़ोस में तुम्हारे भईया के घर में छोड़कर मैं और तुम्हारी मां साथ में ग्राम मथुरा बाजार कपड़ा लेने के लिए आए है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ए) 331 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# टॉपर्स को मिला हवाई यात्रा का तोहफा मुसुरपुट्टा की अभिनव पहल बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मुसुरपुट्टा ने एक प्रेरणादायक परंपरा स्थापित किया है, जो समूचे प्रदेश ही नहीं, देश के ग्रामीण अंचलों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन सकती है। वर्ष 2013 से गांव में चली आ रही इस अभिनव परंपरा के अंतर्गत हर वर्ष कक्षा 10 वीं और 12 वीं में ग्राम स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हवाई यात्रा कराई जाती है।

मुसुरपुट्टा में इस अद्वितीय योजना का संचालन गांव के ही शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रकोष्ठ द्वारा किया जाता है, जो पूरी तरह स्वेच्छा, सामूहिक सहयोग और ग्राम हित के उद्देश्य से कार्यरत है। तीनों छात्रों तोषण कुमार साहू (कक्षा 10वीं, 93%), डेविड कुमार साहू (कक्षा 10वीं, 91%) और तरन कुमार साहू (कक्षा 12 वीं, 89%) को रायपुर से भुवनेश्वर तक हवाई यात्रा कराई गई। तीनों छात्रों के लिए यह जीवन की पहली उड़ान थी। छात्रों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया हमें कभी नहीं लगा था कि हम भी हवाई जहाज में बैठ पाएंगे। यह हमारे लिए सपना जैसा था। भ्रमण के दौरान न केवल उन्हें विमान में बैठने का रोमांच मिला, बल्कि एक विकसित शहर की संस्कृति, जीवनशैली और विविधता को नज़दीक से देखने का अवसर भी प्राप्त हुआ। छात्रों ने कहा कि यह यात्रा केवल भ्रमण नहीं, बल्कि उनके लिए एक आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अनुभव भी रहा। पहली बार छत्तीसगढ़ से बाहर जाकर उन्होंने नए परिवेश को समझा और अपने भीतर नई संभावनाओं को महसूस किया। छात्रों के अभिभावक भी इस पहल से अत्यंत प्रसन्न हैं। वे मानते हैं कि इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत हुई है। इस योजना की खास बात यह है कि इसे किसी सरकारी फंडिंग के बजाय स्वयं गांव के अधिकारी-कर्मचारी मिलकर संचालित करते हैं। दीपावली पर सभी ग्रामवासी अधिकारी गांव में एकत्र होते हैं और दीप मिलन समारोह के दौरान आगामी वर्ष की योजना पर चर्चा करते हैं। वर्तमान में 90 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी जिनमें डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, शिक्षक, पुलिसकर्मी, सेना के जवान, क्लर्क, चपरासी आदि शामिल हैं।




### 90 अधिकारी-कर्मचारी मिलकर बनाते है योजना

*इस योजना की खास बात यह है कि इसेकिसी सरकारी फंडिंग के बजाय स्वयं गांव के अधिकारी-कर्मचारी मिलकर संचालित करते हैं। दीपावली पर सभी ग्रामवासी अधिकारी गांव में एकत्र होते हैं और /"दीप मिलन समारोह/" के दौरान आगामी वर्ष की योजना पर चर्चा करते हैं। वर्तमान में 90 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी जिनमें डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, शिक्षक, पुलिसकर्मी, सेना के जवान, क्लर्क, चपरासी आदि शामिल हैं। इस योजना से जुड़े हैं। इस वर्ष हवाई यात्रा में विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व शिक्षक धनराज भास्कर ने किया जो मुसुरपुट्टा निवासी है, परंतु प्राथमिक शाला पातरराास जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ है। उन्होने कहा कि हमारी इस पहल से गांव के बच्चों में पढ़ाई को लेकर उत्साह और प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। भविष्य में हमारा लक्ष्य है कि यदि कोई छात्र प्रदेश टॉप 10 में आता है, तो उसे विदेश यात्रा का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।*

## पेज 11 के शेष...

### धर्मांतरण का चारभाठा...

1996 लागू है, जिसके नियम चार (घ) के तहत सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण का अधिकार प्राप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम संविधान की पाँचवीं अनुसूची में आदिवासी क्षेत्रों को दी गई स्वशासन और सांस्कृतिक सुरक्षा की भावना के अनुरूप है। इससे पहले सरोना तहसील के ग्राम मुसुरपुट्टा ने भी मई माह में ही धर्म प्रचारकों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए बोर्ड लगाया था। अब नरहरपुर ब्लॉक का चारभाठा भी उसी कतार में शामिल हो गया है। चारभाठा के ग्रामीणों ने कहा कि हम ईसाई धर्म या किसी भी अन्य धर्म का विरोध नहीं करते, मगर हमारे गांव के भोले-भाले लोगों को लालच, प्रलोभन या मदद के नाम पर धर्म बदलवाया जा रहा है, जो हमारी आदिवासी संस्कृति के लिए खतरा है। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे कदमों से गांव का सामाजिक संतुलन बिगड़ रहा है और पुरखों की परंपराएं कमजोर पड़ रही हैं। इसलिए उन्होंने सामूहिक रूप से निर्णय लेकर गांव में प्रवेश रोकने का ठोस कदम उठाया है।

### मावलीपारा, छापरपारा...

और उपचार सहायता प्रदान की जाए। गांव के अन्य किसान भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। छापरपारा के कृषक लोकनाथ साहू ने बताया कि लगातार बारिश के कारण धान खेत में गिर गया है और ऊपर से पानी का बहाव इतना तेज है कि फसल सड़ने लगी है। अब तो खाद, दवाई और साहूकारों का कर्ज कैसे चुकाएं, यही चिंता सता रही है। शासन-प्रशासन से आग्रह है कि खराब फसलों का निरीक्षण कर किसानों को मुआवजा दिया जाए। किसानों ने मांग की है कि इस वर्ष की भारी बारिश के चलते फसल बर्बाद हो चुके है फसल बीमा एवं आपदा राहत योजनाओं के अंतर्गत प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

### तीन लोगों ने...

लिए कहा तब तीनों अचानक अक्रोशित होकर हम दोनों को तुम्हारा बाप का रोड कहकर गाली देने लगे और हाथ मुक्का व लाठी से हम दोनो के साथ मारपीट किया। मारपीट से सिर, पीठ, जांग, गाल में चोट आया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कमलेश यादव, राहुल निषाद और गजु के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### देवरी बालाजी में...

नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय, श्रम और परिवहन खर्च में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि देवरी बालाजी में उपार्जन केंद्र की स्वीकृति दिलाने में पूर्व सरपंच आनंद वट्टी और नरेश कोराम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। दोनों जनप्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं को बार-बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने रखकर निरंतर प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप यह केंद्र स्वीकृत हो सका। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सरपंच माधव सिंह नेताम, पूर्व सरपंच ग्राम पटेल, कृषक समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने विधायक आसाराम नेताम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस निर्णय से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और अब वे अपनी उपज को समय पर और बिना परेशानी के जमा कर सकेंगे।

### आत्मनिर्भर भारत बनाने...

को लेकर जिस तेजी से काम हुआ है, उसका असर सैन्य उपकरणों के निर्यात से लेकर अंतरिक्ष, वैक्सीन हर जगह भारत की बढ़ती धाक में देखा जा सकता है। यदि सिर्फ रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को देखें तो 2014 से पहले जहां हम बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर थे वहीं अब आत्मनिर्भर होते हुए रक्षा निर्यातक बन चुके हैं।

**यह रहे उपस्थित-** सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, भरत मटियारा, शालिनी राजपूत, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर, अमित साहू, जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में


प्रतिक्षा कक्ष



प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान


पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ बीईओ का किया सीआरसी संघ ने स्वागत



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के नवपदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे का संकुल समन्वयक शिक्षक संघ द्वारा स्वागत किया गया। नवपदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे ने कहा कि संकुल समन्वयकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संकुल समन्वयक शिक्षकों और स्कूलों के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने संकुल समन्वयकों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करें, ताकि विकासखंड में शिक्षा का स्तर और अधिक ऊंचा हो सके।

### लोक कार्यक्रम कारी बदरिया कल होगा

**दुर्गुकोंदल।** नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति संस्था कारी बदरिया का आयोजन 12 अक्टूबर रविवार को रात्रि 9 बजे से उन्मुक्त खेल मैदान शासकीय उमावि दुर्गूकोंदल में किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन युगल किशोर साहू द्वारा किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष दीपक जैन, उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन एवं रंजना दुग्गा, कोषाध्यक्ष गेंदालाल लावते, सचिव शंकरलाल नागवंशी और संरक्षक मुन्ना सिन्हा, सोमल जैन, महत्तम दुग्गा, ओम दुग्गा के नेतृत्व में तैयारी की जा चुकी है।

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का हुआ आगाज़

**कोण्डागांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ने आज प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चुनाव आयोग की कथित वोट चोरी का खुलासा करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि देशभर में मशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया है और अब हस्ताक्षर अभियान के जरिए आम जनता को जोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ता पोलिंग बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों से हस्ताक्षर करा रहे हैं और उन्हें वोट चोरी के मुद्दे से अवगत करा रहे हैं। महामंत्री रितेश पटेल ने जानकारी दी कि कोंडागांव जिले से इस अभियान के तहत एक लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को घर–घर और जन–जन तक पहुंचा रहे हैं।


**समस्या:** चारगांव माइंस इलाके में वर्षों से मूलभूत सुविधाएं नहीं

# मेटाबोदेली सड़क निर्माण नहीं करने पर परिवहन बंद करने व आंदोलन की ग्रामीणों ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मेटाबोदेली ईलाके के ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनाने पर परिवहन कार्य को बंद करवा दिया और ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक वाहनों का परिवहन नहीं करने दिया जाएगा।

ग्रामीणों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है जिसमें उल्लेखित है कि कोयलीबेड़ा तहसील क्षेत्र के मेटाबोदेली चारगाव माईस को खनन करते हुए लगभग दस वर्षों से भी ज्यादा हो रहा है, लेकिन अब तक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं विकास बिल्कुल भी नही हुआ है। क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार जनसमस्याओं को अवगत कराने पर भी कोई पहल नहीं हुआ है, जिसके कारण क्षेत्र की जनता निको माईस कंपनी को लेकर आक्रोशित है और क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के पश्चात ही माल परिवहन शुरू करने की बात कही है। ग्रामीणों ने माँग किया है कि क्षेत्र की जनता स्थानीय प्रतिनिधि सामाजिक पदाधिकारियों के साथ सांसद, विधाय, कलेक्टर और निको माईस के अध्यक्ष की उपस्थिति में एक बैठक करवाया जाए। बैठक कर चर्चा उपरांत ही परिवहन करने दिया जाएगा। प्रभावित क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल खोलने का वादा अब तक पूरा नहीं किया है। सड़क का निर्माण जिस सड़क से परिवहन किया जाता है, परिवहन करने का अनुबंध सड़क अब तक नही बनी है। सीएसआर मद से प्रभावित क्षेत्र में खनन प्रारंभ से अब तक हुए विकास हुआ निर्माण क्षेत्र को जनता को बताया जाय। प्रभावित क्षेत्र के लोगों को रोजगार का वादा अब तक अधूरा है। निको कंपनी प्रतिवर्ष कितना खनन कर माल परिवहन करती है। अनुबंध के आधार पर इसकी जानकारी क्षेत्र की जनता स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रभावित क्षेत्र में अनुबंध आधार पर अब तक कितना पौधा रोपण किया गया है। क्षेत्र की जनता व स्थानीय जनप्रतिनिधि सामाजिक पदाधिकारियों ने अंतागढ़ एसडीएम को सीएसआर मद की राशि समिति को प्रदान करने पर रोक लगाने की मांग किया है और खनन से लेकर अबतक सीएसआर की राशि को कहाँ खर्च किया गया है, जांच की किया जाए। अंतागढ़ एसडीएम को हटवा दिया गया, उनको अंतागढ़ यथावत रखा जाए। सरपंच व ग्रामीण राकेश उइके, सरवन दुग्गा, रवेंद्र पोटाई एवं ग्रामीणों ने कहा कि हमारी माँगो पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।


प्रति,
अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व विभाग – अंतागढ़
जिला – कांकेर (छ.ग.)

विषय – मेटाबोदेली चारगांव माईंस क्षेत्र के जन समस्याओं के समाधान पश्चात माल परिवहन के संबध मे ।

महोदय जी,

उपरोक्तानुसार लेख है कि कोयलीबेड़ा तहसील क्षेत्र के मेटाबोदेली चारगांव माईंस को खनन करते हुए लगभग दस वर्षो से भी ज्यादा हो रहा है । लेकिन अब तक क्षेत्र मे मूलभूत सुविधाएं , विकास बिल्कुल भी नही हुआ है । क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधियों द्वारा बार–बार जनसमस्याओं को अवगत कराने पर भी कोई पहल नही हुआ है जिसके कारण क्षेत्र की जनता निक्को माईंस कंपनी को लेकर आक्रोशित है और क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के पश्चात ही माल परिवहन शुरू करने दिया जायेगा । क्षेत्र की जनता आपसे निम्न बिन्दुओं पर चर्चा व समाधान की मांग चाहती है –

1. क्षेत्र की जनता स्थानीय प्रतिनिधि , सामाजिक पदाधिकारियों के साथ सांसद जी , विधायक जी व जिला कलेक्टर और निक्को माईंस के अध्यक्ष की उपस्थिति मे एक बैठक हो । बैठक कर चर्चा उपरांत ही परिवहन करने दिया जायेगा नही तो माल परिवहन संभव नही होगा ।
2. प्रभावित क्षेत्र मे सर्वसुविधायुक्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का वादा अब तक पूरा नही ।
3. क्षेत्र मे सर्वसुविधायुक्त अस्पताल खोलने का वादा अब तक पूरा नही ।
4. सड़क का निर्माण जिस सड़क से परिवहन किया जाता है (परिवहन करने का अनुबंध सड़क) अब तक नही बना है ।
5. CSR मद से प्रभावित क्षेत्र मे खनन प्रारंभ से अब तक हुए विकास हुआ निर्माण क्षेत्र को जनता को बताया जाय ।
6. प्रभावित क्षेत्र के लोगों को रोजगार का वादा अब तक अधुरा है ।
7. सालाना निक्को माईंस कंपनी कितना खनन कर माल परिवहन करती है । अनुबंध के आधार पर इसकी जानकारी क्षेत्र की जनता स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नही है ।
8. प्रभावित क्षेत्र मे अनुबंध आधार पर अब तक कितना पौधा रोपण किया गया है । जानकारी उपलब्ध करेंगे
9. क्षेत्र की जनता व स्थानीय जनप्रतिनिधि , सामाजिक पदाधिकारियों ने अंतागढ़ एस.डी.एम.को CSR मद की राशि समिति को प्रदान करने पर रोक लगाने की मांग की गई थी व खनन से लेकर अबतक CSR की राशि को कहां खर्च किया गया है । जांच की मांग की गई थी अंतागढ़ एस.डी.एम. को हटवा दिया गया । एस.डी.एम.श्री राहुल रजक को अंतागढ़ मे ही यथावत रखा जाए ।
10.

अतः आदरणीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व– अंतागढ़) महोदय जी आपसे निम्नांकित बिन्दुओं के साथ प्रभावित क्षेत्र की जनता के साथ बैठक कर चर्चा किया जाए व समस्याओ का समाधान हो तभी मेटाबोदेली से माल परिवहन किया जायेगा। चर्चा हेतु पहल नही होगा तो माईंस बंद हेतु जनान्दोलन किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।

प्रतिलिपि – 1. मा.भोजराज नाग जी , सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर को सादर सूचनार्थ ।
2. मा.विक्रमदेव उसेण्डी जी , विधायक विधानसभा क्षेत्र अंतागढ को सादर सूचनार्थ ।
3. मा.जिला कलेक्टर महोदय, जिला कांकेर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ ।
4. अंतागढ़ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को सादर सूचनार्थ ।

दिनांक 09/10/2025
स्थान अन्तागढ़

सरपंच
सरपंच ग्राम पंचायत कोदागांव जनपद पंचायत अंतागढ़ जिला – उ.ब.कांकेर (छ.ग.)
प्रभावित क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता

## कॉलेज भूमि पर अतिक्रमण का विरोध एनएसयूआई ने तहसील कार्यालय घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय की भूमि पर हो रहे कथित अतिक्रमण को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया।

एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज की लगभग 38.75 एकड़ भूमि है, जो उच्च शिक्षा विभाग के अधीन है। उस पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है और निर्माण कार्य चल रहा है। इससे कॉलेज परिसर का शैक्षणिक वातावरण और छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच हल्की झड़प भी हुई। कार्यकर्ताओं ने गेट खोलने की मांग को लेकर नारेबाजी की, जिसके बाद वे वहीं धरने पर बैठ गए। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### चार सूत्रीय मांगें रखीं

*एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से कॉलेज भूमि का तत्काल सीमांकन कराने, सभी अतिक्रमणकारियों को हटाने, बाउंड्रीवाल निर्माण कराने और छात्रावास क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।*



## आंबा सहायिका पर धर्म प्रचार करने का आरोप ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम बोटेचांग में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका कुंती साहू पर ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार का गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि सहायिका बच्चों को धर्मांतरण की दिशा में प्रेरित कर रही है और केंद्र में ईसा मसीह की स्तुति कराई जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस विषय में पूर्व में परियोजना अधिकारी और जनपद पंचायत कार्यालय में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर हाल ही में ग्राम सभा सोनेकन्हार में भी प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें संबंधित सहायिका को पद से हटाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच सोनूराम दर्रो, गायत सुक्रम दर्रो, पटेल बीरसूराम दर्रो, मांझी लखूराम दर्रो, वार्ड पंच शैलेन्द्र दर्रो, बाबूलाल दर्रो, अनीता यादव, तथा धनराज नूरूटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर के वार्ड वार्ड क्रमांक 11 सुभाषपारा में लोहे का हथियार लेकर हवा में लहराने व आने जाने वाले लोगो को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा और उसे थाना लेकर गए। घटना से भयभीत युवती ने थाना में शिकायत किया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे गुमड़ी निवासी 22 वर्षीय माधुरी उसेंडी पिता बिसनाथ उसेंडी ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में वार्ड क्रमांक 11 सुभाषपारा भानुप्रतापपुर में अपनी सहेली तिलेश्वरी पुजारी के साथ दौलत ठाकुर के मकान में किराए पर रहती हूं। सीजीपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। मै कमरे में 10 अक्टूबर को 5 बजें अपनी सहेली के साथ पढ़ाई कर रही थी। उसी समय घर के बाहर गली में लोगों के चिल्लाने की आवाज आई। आवाज सुनकर मै बाहर निकलकर देखी तो मोहल्ले का मोनू उर्फ मोनिल नायक अपने हाथ मे एक धारदार लोहे का कट्टा लेकर हवा में लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। मै दरवाजा बंद करने लगी, तो वह मेरी तरफ आकर जोर से दरवाजा को धक्का देने लगा। मै और मेरी सहेली तिलेश्वरी पुजारी बहुत डर गए थे और अनहोनी की आशंका से किसी तरह दरवाजा को बंद किए और पुलिस को फोन किए। पुलिस के आने पर पुलिस वाले और मोहल्ले के लक्ष्मीकांत ठाकुर, दौलत ठाकुर व अन्य लोग घेराबंदी कर उसको पकड़े। पुलिस वाले उसे थाना ले गए। घटना से मै बहुत डरी हुई हूँ, अनहोनी होने की आशंका है। लोहे का धारदार कट्टा लेकर लहराकर भयभीत करने वाले मोनू उर्फ मोनिल नायक के खिलाफ कार्यवाही किया जाए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोनू नायक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## लाइवलीहुड कॉलेज के रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं की आमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर प्रशिक्षित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण, शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्व-रोजगार के लिए उपलब्ध ऋण सुविधा से अवगत कराने और इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त करने तथा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों के द्वारा 634 रिक्तियों में भर्ती के लिए स्टॉल लगाया गया था, जिसमें 402 युवाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया, इनमें से 134 युवाओं का प्रारंभिक चयन तत्काल कर लिया गया।

जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों- जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित, श्रम विभाग एवं जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर के अधिकारियों ने युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, साथ ही लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित विभिन्न कोर्स जैसे जल वितरण संचालक, रिटेल सेल्स, सोलर पैनल तकनीशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड कोर्स मे प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग भी किया गया।





### दो युवकों को अनुदान राशि का चेक

लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में आयोजित रोजगार मेला में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कांकेर द्वारा संचालित आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत दो हितग्राहियों को स्वीकृत ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया। सरोना तहसील के ग्राम मुड़पार निवासी महेन्द्र नेताम को इलेक्ट्रीकल्स व्यवसाय के लिए स्वीकृत ऋण 01 लाख रूपए तथा कांकेर तहसील के ग्राम किरगोली निवासी महंत कुमार नेताम को सेन्ट्रींग व्यवसाय के लिए स्वीकृत ऋण 30 हजार रूपए का अनुदान राशि क्रमशः 10-10 हजार रूपए का चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही रोजगार मेला में पहुंचे अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता संबंधी आवेदन पत्रों का वितरण भी किया गया।

## महिला की शिकायत पर पति व ससुर के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना चारामा अंतर्गत ग्राम चारभाठा में महिला के साथ उसके पति और ससुर ने उसे घर से निकल जा बोलते हुए गाली दिया। पति के मारपीट और प्रताड़ना से परेशान पत्नी ने चारामा में थाना में शिकायत किया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंची चारभाठा निवासी 37 वर्षीय रश्मि गावड़े पति योगेश गावड़े ने पुलिस को बताया कि मेरे परिवार में मेरे ससुर कृष्ण कुमार गावड़े, सास देवंतीन गावड़े, पति योगेश गावड़े एवं मेरे दो बच्चे है। वर्तमान में 2 माह से मेरे एवं पति के बीच किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा होता है और 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आस पास मैं अपने घर चारभाठा में नहाने के लिए बाथरूम जा रही थी। मेरा पति योगेश गावड़े मुझे गुस्से में आकर बोला कि हम दोनो का सामाजिक स्तर पर तलाक हो चुका है, तु इस घर में क्या कर रही है बोलकर मेरे साथ हाथ थप्पड़ से मारपीट किया और मेरे गला को पकड़कर मुझे घर से बाहर दरवाजा तक ले गया। मेरे पति ने मुझे गाली दिया और मेरे ससुर भी शराब के नशे में मुझे हारामखोर बोलते हुए कहने लगे की हमारे घर में क्यूं है, हमारे घर से निकल जा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी योगेश गावड़े और कृष्ण कुमार गावड़े के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।



## सतनामी समाज ने अवैध शराब बिक्री को बंद करने की मांग की

**भानुप्रतापुर।** ग्राम संभलपुर के सतनामी समाज ने क्षेत्र में चल रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समाज के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को तहसीलदार और थाना प्रभारी भानुप्रतापुर को ज्ञापन सौंपकर गांव के वार्ड क्रमांक 17 और 20 में हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। सतनामी समाज संभलपुर की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पिछले कई दिनों से गांव में लगातार अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे समाज के युवा वर्ग में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस से सख़्त कार्रवाई की मांग की है ताकि गांव में सामाजिक सौहार्द और अनुशासन बना रहे। समाज के सदस्यों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर समझाइश दी गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। अब समाज ने प्रशासन को औपचारिक रूप से जानकारी दी गई है कि यदि अवैध शराब बिक्री पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो वे आगे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। तहसील कार्यालय और थाना परिसर में समाज के प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्वक अपनी बात रखी। तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सतनामी समाज संभलपुर के अध्यक्ष केवल सेन, उपाध्यक्ष विजय जोशी, सचिव अमित जोशी, महिला मंडल की प्रतिनिधि अनीता महिलांग एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिवालय के जीर्णोद्धार के बाद किया प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

परलकोट क्षेत्र में प्राचीन शिवालय के नवनिर्माण के उपरांत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और पूजन के लिए तीन दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत की गई है। क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट और समस्त थाना पुलिस परिवार पखांजूर के सौजन्य से आयोजित इस पावन कार्यक्रम का आगाज 10 अक्टूबर कि सुबह 11 बजे गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा और शोभा वेदी पूजन के साथ हुआ। इसी कड़ी में भगवान शिव, गणेश जी, हनुमान जी एवं माँ दुर्गा की देव प्रतिमाओं का जलाभिषेक और पूजन भी संपन्न किया गया। इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर परलकोट क्षेत्र के लोगों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने समस्त परलकोट वासियों का हार्दिक स्वागत किया है और धर्म लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है। पूजन के बाद महाभंडारा और प्रसाद वितरण किया गया। यह धार्मिक आयोजन पखांजूर थाना पुलिस परिवार की ओर से पूरे विधि-विधान से किया जा रहा है, जो क्षेत्र में एकता और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।



## लद्दाख के पर्यावरणविद की रिहाई और छठवीं अनुसूची लागू करने की मांग पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला के सर्व आदिवासी समाज द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें लद्दाख के पर्यावरणविद इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम को वापस लेने तथा लद्दाख की संवैधानिक मांगों को मान्यता देने की मांग की गई है।

ज्ञापन अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा गया। इसमें कहा गया है कि लद्दाख के लोग संविधान सम्मत स्वशासी व्यवस्था, छठवीं अनुसूची के तहत संरक्षण और पूर्ण राज्य का दर्जा मांग रहे हैं, जो पूरी तरह लोकतांत्रिक और न्यायोचित है। सर्व आदिवासी समाज कांकेर के जिलाध्यक्ष ने कहा कि कि लद्दाख के पर्यावरणविद सोनम वांगचुक पर एनएसए जैसे कठोर कानून के तहत कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। लद्दाख के लोग शांतिपूर्ण और अहिंसक जन आंदोलन के माध्यम से अपनी संवैधानिक मांगें उठा रहे हैं, जिन्हें बलपूर्वक दबाना उचित नहीं है। मांग किया गया कि लद्दाख में चल रहे लोकतांत्रिक अहिंसक आंदोलन पर दमन बंद किया जाए और सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा किया जाए, उनके विरुद्ध लगाए गए एनएसए के झूठे आरोपों को वापस लिया जाए तथा उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए, लद्दाख की संवैधानिक छठवीं अनुसूची लागू करने, पूर्ण राज्य का दर्जा देने, लद्दाखी लोक सेवा आयोग गठित करने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर सरकार तत्काल निर्णय ले, लद्दाख में हुई गोलीबारी और हिंसा की घटनाओं की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि लद्दाख भारत का संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र है, जहां के लोग सदैव देश की संप्रभुता की रक्षा में अग्रणी रहे हैं। ऐसे में उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना न केवल न्यायसंगत है, बल्कि राष्ट्रीय हित में भी आवश्यक है। सर्व आदिवासी समाज कांकेर ने यह भी कहा कि लद्दाख का संघर्ष भारत के अन्य आदिवासी क्षेत्रों के स्वशासन आंदोलन से जुड़ा हुआ है। विधान सम्मत स्वशासी व्यवस्था पूरे देश के आदिवासी अंचलों में लागू की जानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हों। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने एकजुटता प्रकट करते हुए कहा कि लद्दाख की संघर्ष हमारी संघर्ष एक है, एक है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411